इकोनोमिक कोरिडोर प्रस्तुतिकरण के दौरान मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निकाय में केन्द्रीयित सेवा के कर्मिकों को 300 दिनों का उपार्जित अवकाश मिलेगा

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास एवं आवास मंत्री मदन कौशिक ने नगर निकाय में कार्यरत केन्द्रीयित सेवा के कर्मिकों को अकेन्द्रीयित सेवा की भॉति 300 दिनों के उपार्जित अवकाश, नकदीकरण सुविधा संबंधी प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। नगर निकाय में कार्यरत केन्द्रीयित केन्द्रीयित सेवा के कार्मिकों को सेवानिवृत्ति होने पर अथवा मृतक होने पर कार्मिकों के आश्रितों को, उपार्जित अवकाश के बदले अधिकतम 300 दिनों की सीमा के अन्तर्गत नकदीकरण की सुविधा अनुमन्य किया गया है।

### मसूरी घूमने आए केंद्रीय मंत्री के ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत

मसूरी। परिवार संग मसूरी घूमने आए सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक कपिल देव पुत्र राम कुमार निवासी सेक्टर टू आरके पुरम नई दिल्ली उम्र 39 साल सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के ड्राइवर थे।

### कार खाई में गिरी, तीन लोग घायल

**(संवाददाता)** देहरादून। एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना त्यूनी पुलिस को सूचना मिली कि हनोल मन्दिर से 6 किमी पहले त्यूनी की तरफ एक स्कार्पियो, रोहडू से मोरी जाते हुए लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिर गयी है। जिसमे सवार लोगों को चोटें आई है। सूचना पर पुलिस द्वारा एम्बुलेंस को सूचित कर मौके पर पहुंचाया गया।

# दून दिल्ली के बीच एलिवेटेड एक्सप्रेस वे को मिली सैद्धांतिक स्वीकृति

**मील का पत्थर**

- एनएचएआई चेयरमैन एसएस संधू ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात
- यह एक्सप्रेस वे सहारनपुर बागपत से दिल्ली तक जुड़ेगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देहरादून दिल्ली के बीच एलिवेटेड एक्सप्रेस वे को भारत सरकार से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग के बन जाने से राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के बन जाने से दिल्ली से देहरादून के बीच की दूरी लगभग 180 किलोमीटर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजमार्ग निर्माण में एनएचएआई की हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।



सीएम से मुलाकात करते एनएचएआई चेयरमैन एसएस संधू।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एस. एस. संधू ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही देहरादून से दिल्ली हेतु नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस नए राष्ट्रीय राजमार्ग के बन जाने के बाद दिल्ली से देहरादून की दूरी मात्र ढाई घंटे में पूर्ण की जा सकेगी। इस राजमार्ग में एलिवेटेड रोड और मोहंड के पास एक नई सुरंग प्रस्तावित है। अध्यक्ष एनएचएआई संधू ने मुख्यमंत्री से कहा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग कुछ भाग उत्तर प्रदेश के फॉरेस्ट और वाइल्ड लाइफ से होकर गुजरता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से फॉरेस्ट एवं वाइल्ड लाइफ क्लियरेंस कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया जाए, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण का कार्य शुरू किया जा सके।

### सीएम ने एनआईएम में किया 24वें मॉन्टेनरिंग समिट का उद्घाटन

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तरकाशी के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में 24वें मॉन्टेनरिंग समिट का उद्घाटन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया। इस समिट को एनआईएम जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। मॉन्टेनरिंग समिट में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने बतौर चीफ गेस्ट कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। गौरतलब है कि मॉन्टेनरिंग समिट का मुख्य उद्देश्य साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही इसको रोजगार से जोड़ने को लेकर भी है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि ट्रेकिंग, मॉन्टेनरिंग को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये भी यह समिट बेहद उपयोगी होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो लोग इसके रोजगार से जुड़े हैं या फिर इस फील्ड से जुड़ना चाहते हैं उन्हें किस तरह की गाइडेन्स, हेल्प की जरूरत होगी उसको लेकर भी उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी ट्रेकिंग व मॉन्टेनरिंग को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये जो स्थानीय युवा इसके लिये आगे आएं है उनके लिये भी यह फील्ड बेहतर साबित होगा।

### परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**(संवाददाता)** देहरादून। नगर मजिस्ट्रेट अनुराधा पाल ने अवगत कराया है कि गत 15 फरवरी से 30 मार्च 2020 तक सीबीएसई की कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की परीक्षा जनपद देहरादून में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि जनपद के नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण स्वच्छ व सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा गोपनीयता सामग्री, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश पारित किये गये है। उक्त क्षेत्रान्तर्गत किसी सार्वजनिक स्थान पर चौराहों पर पांच अथवा उससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नही होंगे। आदेशों का उल्लंघन भादस की धारा 188 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा।

## प्रदेश में शराब सस्ती किये जाने के फैसले का विरोध

**प्रदर्शन**

- महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतले पर शराब की बोतलों की माला पहनाकर किया प्रदर्शन

देहरादून। **सवांददाता**

महानगर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन के नेतृत्व में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया व शराब के बोतलों की माला पहनाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन ने कहा की प्रदेश में शराब सस्ती किये जाने के फैसले का महानगर महिला कांग्रेस कड़ा विरोध करती है।



सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उन्होंने भाजपा सरकार के इस निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की आबकारी नीति पूरी तरह से शराब माफिया को संरक्षण देने, शराब की तस्करी को बढ़ावा देने तथा गांव–गांव घर–घर तक शराब पहुंचाने वाली है, भाजपा सरकार आम जरूरत की चीजों रसोई गैस सिलेण्डर, परिवहन निगम की बसों के किराये की दरों में भारी वृद्धि कर आम जनता को परेशान कर रही है वहीं शराब को बढ़ावा देकर उत्तराखण्ड को शराब प्रदेश बनाकर लोगों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ करना चाहती है, राज्य सरकार शराब को मोबाईल वैनों के माध्यम से घर–घर पहुंचाने का प्रयास कर उत्तराखण्ड को कलंकित कर रही है, भाजपा सरकार द्वारा सत्ता में आते ही जिस प्रकार षराब माफियाओं के साथ मिलकर देवभूमि उत्तराखण्ड में घर–घर शराब पहुंचाने का काम किया हैं।




### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

**(संवाददाता)** देहरादून। थाना वसंत विहार क्षेत्र के अन्तर्गत सेठी मार्किट के पास बाइक सवार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष नत्थीलाल उनियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह साढ़े सात बजे कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली की बाइक एंव साइकल सवार की टक्कर हो गई है जिससे साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया है। तत्काल चीता पुलिस को मौके पर रवाना कर घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल पहुँचाया गया जंहा डॉक्टरो नें बुजुर्ग व्यक्ति रमेश चंद यादव पुत्र स्वर्गीय माधव राम निवासी ग्राम महूंवाला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस नें मृतक के परिजन राहुल यादव की तहरीर के आधार पर बाइक चालक अक्षित सिंगल पुत्र सजंय सिंगल निवासी 39 पण्तिवाड़ी बंसत विहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वार्ता सत्र का आयोजन

**(संवाददाता)** देहरादून। तुलाज इंस्टीट्यूट में महिला सुरक्षा, शराब, नशीले पदार्थ के सेवन और सड़क सुरक्षा' के विषय पर छात्रों के लिए एक जागरूकता वार्ता सत्र का आयोजन किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।